तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार, 6 अप्रैल 2024

10 भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों से सभी संतुष्ट



10 पैतृक गांव रोहढ़ में किया गैंगस्टर रतनदीप सिंह का अंतिम संस्कार



MLN PUBLIC SCHOOL
EDUCATE · INNOVATE · CREATE
PROGRESSIVE SCHOOL WITH A DIFFERENCE
WE ARE EXCLUSIVE
- Theme based learning
- Digital Classrooms
- Collaboration Learning approach
- Tech-Savvy and Certified Faculty
- Foreign Language Classes
- Abacus & STEM Education
- Successful and proud Alumni around the country
- NCC, Scouts and Guides, A recognized NSS Unit
- Special Classes for Spoken English & Reasoning
- Emphasis on Olympiads, NTSE, NDA, NEET, IIT-JEE & CPT
SapLings
ADMISSIONS OPEN SESSION 2024-25
FREE SWIMMING CLASSES FOR ALL STUDENTS
MLN SPORTS ACADEMY
BOXING | BADMINTON | SWIMMING | TABLE TENNIS | KABADDI | CRICKET



## खबर संक्षेप

### सेल्समैन पर किया फायर, बाल-बाल बचा

**जींद।** गांव मालसरीखेड़ा में बीती रात नाकाबपोश बाइक सवार दो युवकों ने शराब सब बैंड के सेल्समेन पर फायर कर दिया। जिसमें बाल-बाल बच गया और कूलर के पीछे छुप कर जान बचाई। पिल्लूखेड़ा पुलिस ने सेल्जमैन की शिकायत पर अज्ञात बाइक सवार दो युवकों के खिलाफ जानलेवा हमला करने, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक चोरी मामले में दो नाबालिग पकड़े

**कैथल।** बाइक चोरी के एक मामले की जांच दौरान थाना सिविल लाइन पुलिस के एचसी प्रभात द्वारा उझाना जिला जींद निवासी 14 वर्षीय नाबालिग व मुनक जिला करनाल निवासी 17 वर्षीय नाबालिग को पकड़ा गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सुनील कुमार निवासी सीवन गेट ने शिकायत दर्ज करवाई थी।

### किशोरी लापता होने पर अपहरण का मामला दर्ज

**जींद।** सदर थाना सफीदों इलाका गांव से किशोरी के गायब होने पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदर थाना सफीदों इलाका गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दो मार्च को उसकी 15 वर्षीय बेटी घर से लापता हो गई।

### आटो चोरी मामले में आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** आटो चुराने के एक मामले की जांच थाना सदर पुलिस के एचसी कुलदीप की टीम द्वारा करते हुए आरोपी सीवन निवासी रवि को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि धर्मपुरा निवासी अशोक की शिकायत अनुसार 3 सितंबर की रात उसके मकान सामने से उसका आटो अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गए। जिस बारे थाना सदर में मामला दर्ज है।

### रंजिशन हमला करने पर तीन के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** गांव रामनगर में रंजिश के चलते युवक के साथ मारपीट करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रामनगर निवासी रिंकू ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उसकी गांव के ही राजेश के साथ रुपयों के लेनदेन को लेकर कहासुनी हो गई थी।

### एटीएम कार्ड बदलकर पैसे निकालने का आरोपी काबू

**कैथल।** एटीएम कार्ड बदल कर खाते से 40 हजार रुपए निकाल कर धोखाधड़ी करने के एक मामले की जांच स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट पुलिस के एचसी तरसेम कुमार की टीम ने आरोपी जिला कुरुक्षेत्र के मोरथली गांव निवासी बलविंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि डुलयाणी निवासी हरिंद्र कुमार की शिकायत अनुसार 17 दिसंबर को दोपहर करीब एक बजे अनाज मंडी पूंडरी स्थित एटीएम से पैसे निकलवाने के लिए गया था।

### प्रताड़ित करने के आरोप में पति व सास गिरफ्तार

**कैथल।** थाना सीवन अंतर्गत के एक गांव की बेटी के साथ दहेज के लिए मारपीट कर प्रताड़ित करने के आरोप में थाना सीवन पुलिस की लेडी एचसी सुनील देवी द्वारा पीड़िता के पति अमनदीप व सास सुरेंद्र कौर दोनों निवासी पेहवा कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया।

# मुख्यमंत्री नायब सैनी आज करेंगे जींद की धरा से चुनावी शंखनाद

## विजय संकल्प रैली की सभी तैयारियां पूरी, सुरक्षा के किए पुख्ता प्रबंध, सोनीपत लोकसभा में जींद के तीन विधानसभा क्षेत्र

सतेंद्र पंडित ▶▶| जींद

सीएम नायब सिंह सैनी शनिवार को नई अनाज मंडी मे विजय सकल्प रैली के माध्यम से जीद की धरा पर लोकसभा चुनावी शंखनाद करेंगे। रैली की सभी तैयारिया भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा पूरी कर ली गई है। शुक्रवार को विधायक डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने रैली स्थल पर तैयारियों का जायजा लिया। सीएम नायब सैनी के आगमन को देखते सुरक्षा के भी पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। विजय सकल्प रैली मे लोगो की भागेदारी ज्यादा हो इसको लेकर जिले के भाजपा नेताओं ने जिला अध्यक्ष राजू मोर की देख रेख मे



जींद। जायजा लेते विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा। फोटो :हरिभूमि

ताकत झोंकी हुई। भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा, कर्मबीर सैनी, डा. राज सैनी, बचनसिंह आर्य, जसबीर देशवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष अमरपाल राणा, जसमेर रजाना, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सुखदीप बुआना, पुष्पा तायल लगातार डोर टू डोर न्योता दे रहे है। सीएम बनने के बाद

### लोगों में भारी उत्साहः मोर

भाजपा के जिलाध्यक्ष राजू मोर ने बताया कि सीएम नायब सैनी के विजय संकल्प रैली की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई। रैली में अच्छी खासी भीड़ उमडेगी। सभी दस सीटों पर फिर से कमल खिलेगा। तीसरी बार पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे फिर से भाजपा सरकार बनेगी।

नायब सैनी जींद विस में पहली बार तो जिले मे दूसरी बार जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पूर्व सीएम नायब सैनी उचाना में जनसभा को संबोधित कर चुके हैं। नायब सैनी भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद जींद में आयोजित सैनी सम्मेलन में भी शामिल हो चुके है। अब लोकसभा चुनाव का आगाज हो चुका है। सोनीपत लोकसभा से भाजपा ने मोहनलाल बडोली को प्रत्याशी बनाया है। सोनीपत लोकसभा क्षेत्र में जींद की जींद, सफीदों तथा जुलाना विधानसभा आती है। जो हार जीत को तय करती है। तीन लोकसभा क्षेत्र में बंटा जिला जींद सोनीपत के इलावा उचाना हिसार लोकसभा तो नरवाना सिरसा लोकसभा के तहत आता है। पूर्व में तीनों लोकसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा रहा है। जिले की पांच विस सीटों की बात की जाए तो जींद विस पर भाजपा का तो उचाना, जुलाना नरवाना सीटों पर जजपा तथा सफीदों सीट पर कांग्रेस का कब्जा है। खास बात यह भी है कि जाट बहुल इलाका होने के बाद भी वर्ष 2014 लोकसभा चुनाव में जींद की तीनों विस क्षेत्र जींद, जुलाना तथा सफीदों ने भाजपा को भारी बढ़त दी थी। यहां तक कि यहां से काग्रेस दिग्गज पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा को हार का सामना करना पड़ा था। वैसे सोनीपत लोकसभा सीट चार बार भाजपा के खाते में रही है। जिसमे दो बार किशन सिंह सागवान तथा दो बार रमेश चंद्र कोशिक यहा से भाजपा की टिकट पर जीत चुके है। तीन बार सांसद बनने का मौका किशन सिंह को मिला है। अब फिर लोकसभा चुनाव का बिगुल बजा है। भाजपा ने मोहन लाल बडोली को सोनीपत लोकसभा से चुनाव मे उतारा हुआ है।

## छोटी मंडी चीका में दुकानदारों ने बाजार में पार्किंग स्थल को भी नहीं बख्शा

# अवैध कब्जे हटाने पहुंची नपा की टीम से भिड़े दुकानदार, बैरंग लौटे

### पार्किंग स्थल पर भी कब्जा होने से ग्राहकों को उठानी पड़ रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

छोटी मंडी चीका में अवैध कब्जे हटाने को लेकर आई नगरपालिका अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम व दुकानदारों में झड़प हो गई जानकारी के अनुसार छोटी मंडी में लंबे समय से दुकानदारों ने दुकानों के आगे अवैध कब्जे किए हुए हैं, परंतु उस समय तो हद ही हो गई, जब दुकानदारों ने बाजार में बने पार्किंग स्थल को भी नहीं बख्शा और वहां भी सामान गिराकर कब्जा कर लिया। पार्किंग स्थलों पर कब्जा होने से बाजार में अपने वाहन लेकर आने वाले लोग परेशान होने लगे क्योंकि खरीददारी करने से पहले उन्हें उनके वाहन खड़ा करने के स्थान पर दुकानदारों ने कब्जा कर रखा है। नतीजतन उन्हें अपने वाहन बाजार के मार्गों के दाएं-बांए खड़े करने पड़ रहे थे, जिसके चलते बाजार में काफी भीड़भाड़ वाली स्थिति बन गई थी। उक्त सम्बन्ध में जब नपा को शिकायतें मिलने लगी तो नपा अधिकारियों ने अवैध कब्जा करने वाले दुकानदारों को पहले मौखिक तौर पर व बाद में नोटिस भी जारी किए परंतु किसी भी दुकानदार के सिर पर जूं तक नहीं रेंगी। जानकारी के अनुसार नपा प्रशासन ने कल भी अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई की थी परंतु दुकानदारों के विरोध के चलते उन्हें बैरंग लौट जाना पड़ा था। यही नहीं मामला उस समय गंभीर हो गया, जब नपा अधिकारियों ने कब्जा कार्रवाई को दोबारा शुरू करने से पूर्व सुरक्षा की मांग की और उनके ऊपर दुकानदारों द्वारा कथित रूप से हमला करने की आशंका जताई, जिस पर प्रशासन ने करीब आधा दर्जन पुलिस कर्मचारी नपा अधिकारियों के साथ भेज दिए परंतु कल की ही भांति आज भी दुकानदारों का गुस्सा सातवें आसमान पर चढ़ा हुआ था और उन्होंने नपा अधिकारियों का विरोध किया और मौके पर मौजूद पुलिस कर्मचारियों की तो यह हालत थी कि वे किसी भी दुकानदार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर सके। इस बीच नपा अधिकारियों को आज फिर बैरंग लौटना पड़ा।



गुहला चीका। अवैध कब्जे हटाने आए नपा कर्मचारियों का विरोध करते दुकानदार।



जींद। अवैध निर्माणों को ढहाते हुए। फोटो :हरिभूमि

### कई बार दे चुके नोटिस

इस संबंध में नपा सचिव राजेश शर्मा ने माना कि दुकानदारों ने बाजारों में अधिकतर सरकारी जगहों व पार्क स्थलों पर कब्जे किए हुए हैं, जो कि पूरी तरह से नाजायज हैं। उन्होंने कहा कि नोटिस देने के बाद भी दुकानदार नहीं मान रहे हैं। उलटा नपा कर्मचारियों का विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि आज की स्थिति के बारे में वे सारा मामला उच्च अधिकारियों के नोटिस में लाएंगे।

### भाई भतीजावाद नहीं पनपने देंगे

नपा दरोगा ईशम सिंह ने कहा कि वे सारी रिपोर्ट अपने उच्च अधिकारियों को लिखित रूप में देंगे और उनके आदेशानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। दुकानदारों का कहना है कि नपा के लिए सभी दुकानदार बराबर हैं नतीजतन यदि अवैध कब्जे हटवाने हैं तो एक साथ सारे कब्जे हटवाए जाएं परंतु भाई भतीजावाद नहीं पनपने देंगे और नपा अधिकारियों का विरोध किया जाता रहेगा। दूसरी तरफ जगह जगह खड़े रेहड़ी वालों का भी विरोध हो रहा है और कुछ दुकानदार रेहड़ी वालों को भी खदेड़ने के लिए मांग कर रहे हैं। उक्त दुकानदारों का कहना है कि सडकों के दोनों ओर व बाजारों में हजारों रेहड़ियां लगी हुई हैं, जिनके चलते बाजार व सडकों पर भारी भीड़ है

### जींदः डीटीपी अमले ने अवैध निर्माणों को गिराया

**जींद।** नए बस अड्डे के पास तथा कैथल रोड पर अहिरका के पास जिला नगर योजनाकार दस्ते ने शुक्रवार को अवैध निर्माणों को ढहाने का काम किया। कार्रवाई के दौरान प्रापर्टी डीलर के कार्यालय सहित 35 डीपीसी तोड़ी गई और सड़क नेटवर्क को ध्वस्त किया गया। कार्रवाई को अंजाम देने के दौरान पुलिसबल तैनात रहा। जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा अप्रैल माह में अलग-अलग तिथियों में अभियान चलाया जाएगा। इसे लेकर डीटीपी ने सुरक्षा बल और ड्यूटी मैजिस्ट्रेट की नियुक्ति के लिए जिलाधीश से अनुमति मांगी गई है।

## जुलानाः राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेने पर कंडक्टर सस्पेंड

### जुलाना खाप प्रधान ने दी थी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना क्षेत्र के देशखेड़ा गांव निवासी रोडवेज कंडक्टर को राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेने पर विभाग द्वारा संस्पेंड किया गया। जुलाना के खाप प्रधान शमशेर सिंह ने रोडवेज विभाग के मुख्य सचिव को शिकायत दी है कि देशखेड़ा गांव निवासी रोडवेज कंडक्टर जगदीप जोकि रोहतक डिपो मे कार्यरत है और गांव में उसके दादा की जगह सरपंची करता है, इसके अलावा अपने आप को जुलाना बारहा का युवा प्रधान लिखता है। शमशेर ने आरोप लगाया है कि जगदीप रोडवेज की ड्यूटी को छोड़ कर राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेता है। परिवहन विभाग द्वारा जगदीप लाठर को सस्पेंड किया गया है। हालांकि इस मामले में जब देशखेड़ा गांव निवासी रोडवेज परिचालक जगदीप लाठर ने कहा कि उन पर लगाए गए सभी आरोप बेबूनियाद हैं। वो किसी भी पार्टी में कोई भी पद पर कार्य नही करते हैं। शिकायतकर्ता ने सभी गलत हवाले दिए हैं वो गांव में सरपंच के कार्यों में कोई भी बाधा या दखलअंदाजी नही करते हैं। वो 12 फरवरी को किसी कार्य से जुलाना के रेस्टहाउस में गया हुआ था तो वहां पर हरियाणा जनसेवक पार्टी के संयोजक बलराज कुंडू की पत्रकार वार्ता चल रही थी तो उन्होंने उसे सामाजिक आधार पर बुला लिया। जुलाना बारहा व हरियाणा जनसेवक पार्टी ने लिखित में दिया है कि वो किसी भी पद पर बारहा और पार्टी का कार्यकर्ता नही है।



जुलाना। शिकायतकर्ता द्वारा दी राजनीतिक गतिविधि में भाग लेते जगदीप लाठर।

### ब्लैक फिल्म लगे दो वाहन चालकों के किए चालान

**कैथल।** वाहनों के शीशे पर ब्लैक फिल्म लगाकर घूमने वालें के खिलाफ पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर के आदेशानुसार पूरे हरियाणा में पुलिस द्वारा 1 से 7 अप्रैल के बीच विशेष अभियान चलाया गया है। एसपी उपासना ने बताया कि इसी कड़ी में शुक्रवार को जिला कैथल ट्रैफिक पुलिस द्वारा शीशे पर ब्लैक फिल्म लगे 2 वाहनो के 10-10 हजार रुपये के चालान किए गए तथा मौके पर इन वाहनो की ब्लैक फिल्म उतरवाई गई। एसपी उपासना ने कहा वाहनो के शीशे पर ब्लैक फिल्म लगाना यातायात नियमों के खिलाफ है। आगे भी पुलिस ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती से निपटेगी तथा नियमानुसार कार्रवाई दौरान उनके चालान किए जाएगें। काला शीशा लगे वाहनों का उपयोग अक्सर आपराधिक गतिविधियों के लिए होता है। एसपी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें और उनकी अनदेखी ना करें।



# प्रॉपर्टी वेरिफिकेशन के लिए शनिवार रविवार को खुले रहेंगे नपा कार्यालय

### उपभोक्ता अपना बकाया प्रॉपर्टी टैक्स भी अदा करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजौंद नगर पालिका में प्रॉपर्टी वेरीफिकेशन करवाने के लिए लोगों सुविधा के लिए नपा द्वारा शनिवार व रविवार को भी कार्यालय खुले रखे जाएंगे। नपा सचिव नरेंद्र शर्मा ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार जिन लोगों की प्रॉपर्टी आईडी बनी है। वह प्रॉपर्टी वेरिफिकेशन करवाने के लिए कार्यालय में वेरिफिकेशन अवश्य करवा लें। बताया कि इसके लिए 6 व 7 अप्रैल को भी कार्यालय खुला रहेगा। लोगों से कहा कि कोई भी व्यक्ति प्रॉपर्टी वेरिफिकेशन के लिए नपा कार्यालय में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक कार्यालय में संपर्क कर कोई भी त्रुटि प्रॉपर्टी आईडी में है तो वह दुरुस्त करवा सकता है। कहा कि नपा कार्यालय की तरफ से किसी भी कर्मचारी का अगर फोन आए तो वह ओटीपी बताकर प्रॉपर्टी वेरिफिकेशन करवाने के लिए जानकारी दे ताकि वेरिफिकेशन हो सके। इसके लिए वह कार्यालय से संपर्क करके भी जानकारी दे सकता हैं। उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है तो वह भी प्रॉपर्टी टैक्स भर दे क्योंकि प्रॉपर्टी टैक्स में 10 प्रतिशत छूट दी गई है। बकाया टैक्स प्रॉपर्टी धारक समय पर भर सकता है। उन्होंने कहा कि कई डिफाल्टर प्रॉपर्टी टैक्स धारकों के विरुद्ध कोर्ट में भी केस दायर किए गए हैं। इसलिए कार्यवाही से बचने के लिए सभी उपभोक्ता समय पर अपना बकाया प्रॉपर्टी टैक्स भर दें।



राजौंद। प्रॉपर्टी आईडी वेरीफिकेशन के लिए जानकारी देते नगरपालिका सचिव।

# 1.40 किलोग्राम चरस के साथ 2 तस्कर पकड़े

- बडौदा के निकट ढाबे के निकट करने पहुंचे थे खरीद फरोख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव बडौदा के निकट जींद-नरवाना नेशनल हाइवे पर बने ढाबे के सामने से सीआईए स्टाफ नरवाना ने बाइक सवार दो लोगों को काबू कर उनके कब्जे से एक किलो 40 ग्राम चरस बरामद की है। उचाना थाना पुलिस ने पकडे. गए दोनों लोगों के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सीआईए स्टाफ नरवाना को सूचना मिली थी कि गांव बडौदा निवासी रणधीर तथा गांव भिड़ताना निवासी दिलबाग नशे का कारोबार करते हैं। जो गांव बडौदा के निकट जींद-नरवाना हाइवे पर बने ढाबे के निकट नशे की खरीद-फरोख्त करने वाले हैं। जिसके आधार पर सीआईए स्टाफ ढाबे के निकट आने-जाने वाले लोगों पर निगाह रखनी शुरू कर दी। उसी दौरान पुलिसकर्मियों को बाइक के साथ खडे. दो लोगों को आपस में बात करते देखा। जो पुलिसकर्मियों को देखकर चलने लगे। पुलिस कर्मियों ने बाइक रोक कर उसकी तलाशी ली तो साइड में टंगे बैग से एक किलो 40 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में पकडे. गए लोगों की पहचान गांव बडौदा निवासी रणधीर तथा गांव भिड़ताना निवासी दिलबाग के रूप में हुए। सीआईए कर्मी की शिकायत पर उचाना थाना पुलिस ने चरस के साथ पकडे. गए दोनों लोगों के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

जाट हाई स्कूल सोसाईटी, कैथल
बोली सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जाट हाई स्कूल सोसाईटी के पास चालू अवस्था में एक स्कूल बस है जिसका मॉडल 2009 है सीट 36 + 2 =38, टाटा कंपनी की है जिसका परमिट जुलाई 2024 में समाप्त होगा। इसके सभी कागजात जुलाई 2024 तक पूर्ण है। इस बस को बेचने के लिए बोली 16 अप्रैल 2024 सुबह 11:00 बजे सोसाईटी ऑफिस में रखी गई है।
बोलीदाता के लिए सिक्योरिटी फीस रु. 20000 होगी जो कि बाद में वापसी दी जाएगी। इच्छुक व्यक्ति सोसाइटी ऑफिस में संपर्क करें।
मोबाइल नंबर 7015239059

## खबर संक्षेप

### एनसीसी कैडेट्स ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली

**जींद।** जिला शिक्षा अधिकारी निर्देशानुसार जाट वमवि में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता रेली को विद्यालय के प्राचार्य सौरभ भारद्वाज ने व ब्रांच इंचार्ज रामबीर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राजेश लांबा स्काउट्स टीम के साथ-साथ विद्यालय के सभी छात्र व छात्राओं के साथ बिशंभर आदि मौजूद रहे।

### अध्यापक कृष्ण कुमार को सम्मानित किया

**जींद ।** संपर्क फाउंडेशन द्वारा राजकीय प्राथमिक पाठशाला सैंथली में जेबीटी अध्यापक कृष्ण कुमार को 2023-24 के लिए संपूर्ण भारत वर्ष का सर्वश्रेष्ठ टीचर 2023-24 घोषित किया गया है। कृष्ण कुमार को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंट देकर सम्मानि किया गया। इस अवसर पर आरपीएसएस जिला प्रधान जितेंद्र बैनिवाल आदि मौजूद रहे।

### निबंध लेखन प्रतियोगिता का किया आयोजन

**अलेवा।** राजकीय महाविद्यालय अलेवा के लैंगिक अध्ययन क्लब, मानवाधिकार क्लब एवं लोक प्रशासन विभाग एवं क्लब के संयुक्त तत्वाधान में एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्या वीना कुमारी ने की तथा संचालन लोक प्रशासन विभाग की सहायक प्रो डा. सुनेत ने किया।

### संदिग्ध हालात में महिला लापता, शिकायत दर्ज

**जींद ।** गांव काकडौद से महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर उचाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगो के खिलाफॅ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है गांव काकडौद निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात उसकी 24 वर्षीय पत्नी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा।

### आश्रम का ताला तोड़कर हजारों का सामान चोरी

**जींद।** नरवाना के आशाराम आश्रम का ताला तोड़ कर बीती रात चोरों ने हजारो रुपये कीमत का सामान चोरी कर लिया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नरवाना आशाराम आश्रम के केयर टेकर धर्मबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने आश्रम के कमरे का ताला तोड़ कर जूस निकालने की मशीन, जनरेटर अन्य सामन को चोरी कर लिया।

### प्रदेश को दुष्यंत की गारंटी पर यकीन

**उचाना।** पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के निजी सचिव एवं कार्यालय प्रभारी प्रो. जगदीश सिहाग ने कहा कि प्रदेश के मतदाताओं को दुष्यंत चौटाला की गारंटी पर यकीन है। दुष्यंत जो कहते है वो करते है। जो-जो वायदे विस चुनाव में किए थे उन वायदों को सत्ता में रहते हुए पूरा करने का काम किया। स्व. देवीलाल की छवि युवा, किसान दुष्यंत चौटाला में देखते है। उचाना का विकास दुष्यंत चौटाला की देन है।

### सोशल मीडिया पर रखी जाएगी कड़ी निगरानी

**जींद ।** जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जाएगी। सोशल मीडिया में आने वाले विज्ञापनों का खर्च भी संबंधित उम्मीदवार या पार्टी के खाते में जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान समाचार पत्र, टेलीविजन और रेडियो जैसे सोशल मीडिया पर भी प्रचार किया जाता है।

### भ्रामरी धाम पैदल यात्रा को लेकर दिया निमंत्रण

**उचाना।** नवरात्र में 11 अप्रैल को पुरानी मंडी स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर से जाने वाली देवभूमि बनभौरी माता भ्रामरी धाम को जाने वाले पैदल यात्रा को लेकर निमंत्रण शहर के गणमान्य लोगों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों को भी दिया।

---

### संस्कार में ग्रामीणों व रिश्तेदारों ने की शिरकत

# पैतृक गांव रोहढ़ में किया गैंगस्टर रतनदीप सिंह का अंतिम संस्कार

रतनदीप सिंह की पंजाब के नवांशहर के बलाचौर इलाके में मोटरसाइकिल सवार युवकों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

बब्बर खालसा टाइगर फोर्स का एक्टिव मैम्बर रहे गैंगस्टर रतनदीप सिंह का उसके पैतृक गांव रोहढ़ में शुक्रवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। बता दें कि रतनदीप सिंह की पंजाब के नवांशहर के बलाचौर इलाके में मोटरसाइकिल सवार युवकों ने गोलियां मार कर हत्या कर दी गई। रतनदीप सिंह अपने एक साथी के साथ बलाचौर मेन रोड पर स्थित एक अस्पताल के निकट ढाबे के पास एमजी हेक्टर कार में सवार खड़ा था कि मोटरसाइकिल पर युवक आए, जिन्होंने आते ही उस पर फायरिंग शुरू कर दी। जिसे निकट ही अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रतनदीप सिंह का पोस्टमार्टम होने के बाद उसके शव को वीरवार को करनाल में लाया गया था। वहां से शुक्रवार दोपहर को एंबुलेंस के माध्यम से रतनदीप सिंह के शव को उसके पैतृक गांव रोहढ़ के श्मशान घाट में लाया गया। दाह संस्कार के समय काफी तादाद में ग्रामीण व रिश्तेदार मौजूद रहे। वहीं महिलाएं भी काफी तादाद में मौजूद रही। रितिरिवाज के अनुसार रस्में अदा करने के उपरांत रतनदीप सिंह का अंतिम संस्कार कर दिया गया। संस्कार के समय मौजूद गांव के सरपंच नवदीप सिंह का कहना है कि मनुष्य के जीवन में हालात कई बार उलट हो जाते हैं और जीवन के हालात कुछ भी करवा देते हैं। रतनदीप सिंह का बुरा समय गुजर चुका था और अब वह बेहतर जीवन जी रहा था। उसकी हत्या कैसे हुई और किसने की उसकी जांच होनी चाहिए। वहीं रतनदीप सिंह के पिता जागीर सिंह का कहना था कि वह अधिकतर केसों में बरी हो चुका था और करनाल में अपने बच्चों के साथ अलग से रहता था। वह स्कूल टाइम से ही गलत कामों में पड़ गया था और अब वह अच्छा जीवन जी रहा था। उसकी हत्या की पंजाब पुलिस को गहराई से जांच करनी चाहिए।



सफीदों। गांव रोहढ़ के श्मशान घाट में एकत्रित हुए ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि



सफीदों। शव के पास विलाप करती महिलाएं व परिजन।

#### कौन था रतनदीप सिंह

रतनदीप सिंह सफीदों के असंध रोड पर स्थित गांव रोहढ़ का निवासी था। वह इतना शातिर था कि वह पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को चकमा देकर कई बार देश से बाहर जा चुका था और उसे पकड़ने के लिए लाखों रुपये की ईनामी राशि घोषित की गई थी। उसे पकड़ने के लिए उसके गांव रोहढ़ के अड्डे पर पुलिस ने विशेष चौकी भी स्थापित की हुई थी और वह चौकी काफी लंबे समय तक लगी रही थी। उस पर करीब डेढ़ दर्जन विभिन्न स्थानों पर मामले दर्ज थे और वह इन मामलों में फारिग होकर शांतिप्रिय जीवन जीने का प्रयास कर रहा था। वह अपने गांव को छोड़ कर अपने परिवार सहित सफीदों के खानसर चौक पर रहने लगा था। फिर वह सफीदों से करनाल के सीएचडी सिटी में बस गया था। उसकी शादी काफी पहले हो चुकी थी और उसकी पत्नी बलजिंद्र कौर व बेटी जोवन जर्मनी में रह रहे हैं। सफीदों में रहने के दौरान उसने दूसरी शादी कर ली थी। दूसरी शादी से उसको एक बेटा हुआ। वह दूसरी पत्नी व बेटे के साथ करनाल में अलग से रह रहा था। इसके अलावा वह करनाल में एक ढ़ाबे का संचालन भी कर रहा था और टैक्सी पर गाड़ियां चलाने का कार्य कर रहा था। रतनदीप पर एक्सप्लोसिव एक्ट, एनडीपीएस एक्ट व आर्मस एक्ट के तहत थानेसर, शाहबाद, पानीपत, कैथल, चंडीगढ़, रोहिणी दिल्ली, पटियाला, अमृतसर, करनाल व सफीदों समेत अनेक स्थानों पर मामले दर्ज थे और वह अधिकतर मामले में बरी भी हो चुका था।

---

## 103 साल का बुजुर्ग बोला, दुष्यंत को देख कर आती है देवीलाल की याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

सुदकैन कलां अपने जनसंपर्क अभियान के तहत पहुंचे स्थानीय विधायक एवं पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला गुरूवार देर शाम अपने पड़दादा चौ. देवीलाल के साथ संगठन के लिए काम करने वाले 103 साल के रामसरूप श्योकंद से मिले। इस दौरान जेजेपी नेता संदीप श्योकंद सुदकैन भी मौजूद रहे। रामसरूप श्योकंद ने दुष्यंत चौटाला को कहा कि जिस तरह से आज दुष्यंत चौटाला हर वर्ग के हितों को लेकर कार्य कर रहा है ऐसे ही स्व. देवीलाल जनहित के लिए काम करते थे। कभी भी सत्ता का लालच नहीं किया। जनहित के मुद्दों को उठाते वो रहते थे। दुष्यंत चौटाला में बुजुर्ग स्व. देवीलाल की छवि देखते है। जब देवीलाल आते थे तो उनसे मिलने के लिए लोगों में उत्सुकता रहती थी। ऐसे ही आज दुष्यंत चौटाला के प्रति उत्सुकता लोगों में मिलने के लिए रहती है। हरियाणा का भविष्य दुष्यंत चौटाला है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि स्व. देवीलाल के साथ काम करने वाले रामसरूप श्योकंद से मिलकर काफी अच्छा लगा। पुराने समय की काफी बातें सांझे भी की। आज भी उनके मन में संगठन के लिए जो जज्बा है वो काबिले तारीफ है।



उचाना। स्व. देवीलाल के समय के कार्यकर्ता से मिलने पहुंचे पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला।



जींद। जागरूकता रैली निकालते छात्र। फोटो :हरिभूमि

### विद्यार्थियों- शिक्षकों को मतदान की शपथ दिलाई

**जींद।** सुप्रीम स्कूल में स्काउट गाइड के छात्रों द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य सत्येंद्र त्रिपाठी ने उपस्थित समस्त छात्रों शिक्षकों को मतदान की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि विशेष पुनरीक्षण तिथि पर सभी लोग अपना एवं अपने परिवार के सदस्यों का नाम मतदाता सूची में जांच लें एवं नाम न होने की स्थिति में बीएलओ के माध्यम से पंजीकरण करा लें। प्रत्येक छात्र अपने परिवार के सदस्यों को मतदान हेतु प्रेरित करें एवं वरिष्ठ नागरिकों को विशेष सहयोग देकर मतदान केंद्र तक पहुंचाएं। इस अवसर पर स्कूल क प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डा. डीपी जैन, उपाध्यक्ष बलवान कौशिक, निदेशक शरत अत्री, प्राचार्य सतेंद्र त्रिपाठी, विकास शर्मा, राजेंद्र, करुणा एवं अन्य अध्यापक मौजूद रहे।

---

## प्राचार्य ने जत्थे को दिखाई झंडी

- उल्लास जन-जन साक्षर अभियान के प्रचार में छात्रों ने दिखाया उल्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

नवभारत साक्षरता कार्यक्रम उल्लास के सफल क्रियान्वन के लिए राजकीय वमवि दुर्जनपुर के शिक्षकों एवं छात्राओं द्वारा ग्राम सभा क्षेत्र में उल्लास जन-जन साक्षर अभियान के प्रति जागरूकता लाने हेतु प्रभात फेरी का आयोजन किया। प्राचार्य अश्विनी कुमार ने हरी झंडी दिखाकर जत्थे को रवाना किया गया। सभी शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा इस प्रभात फेरी में एसएमसी सदस्यों के साथ भागीदारी की। प्रार्थना सभा में स्वयंसेवी साक्षरता कर्मी एवं स्वयंसेवी साक्षर सैनिक की भूमिका निभाने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए साक्षरता शपथ दिलाई। विद्यालय प्रशासन के अधीन उल्लास कार्यक्रम के संचालक जय भगवान प्रवक्ता रसायन विज्ञान ने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2027 तक हरियाणा को 100 प्रतिशत साक्षर बनाने के लिए उल्लास जन-जन साक्षर अभियान चलाया गया है। इस संदर्भ में उल्लास शब्द का पूर्ण अर्थ है अंडरस्टैंडिंग लाइफ लोंग लर्निंग फॉर ऑल इन सोसाइटी अर्थात समाज में सभी के लिए आजीवन सीखने की समझ पैदा करना। इस कार्यक्रम का क्रियान्वन शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद गुरूग्राम द्वारा किया जा रहा है। विद्यालय शिक्षक एवं एसएमसी प्रधान मनोज कुमार मौजूद रहे।




उचाना। प्राचार्य अश्विनी कुमार प्रभात फेरी को रवाना करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### आजादी के आंदोलन में सभी समुदायों के लोगों की अहम भूमिका रही

**जींद।** देश की सांझी संस्कृति, कौमी एकता एवं भाईचारा मजबूत करने के लिए सामाजिक सद्भावना मंच के संयोजक रामफल दहिया के घर पर नफरत की दीवारों को तोड़ो, मेरे घर आ के तो देखो कार्यक्रम आयोजित किया । जिसमें हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन आदि धर्मों के लोगों सहित हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति, जनवादी लेखक संघ व माजरा खाप के प्रधान सरदार गुरविंदर सिंह संधू ने भाग लिया। इस अवसर पर रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में सभी धर्मों के गणमान्यों ने हिस्सा लिया। सभी लोगों ने मौजूदा दौर में शासक वर्ग द्वारा नफरत का माहौल बनाए जाने का विरोध करते कौमी एकता और सांप्रदायिक सौहार्द को मजबूत करने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के आंदोलन में सभी समुदायों के लोगों की अहम भूमिका रही है। जिसकी वजह से ही हमारे देश को धर्मनिरपेक्ष व लोकतांत्रिक गणरा'य का स्वरूप हासिल हुआ। आज उसी सामाजिक न्याय पर टिकी लोकतांत्रिक व्यवस्था को सबसे ज्यादा खतरा है।

## छात्राओं ने सीखा बदंरवाल बनाना

- तीन दिवसीय परंपरागत भारतीय शैली कार्यशाला का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिंदू कन्या महाविद्यालय के फाइन आर्ट्स और गृह विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय परंपरागत भारतीय शैली कार्यशाला का समापन हुआ। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज की प्राचार्य डा. पूनम मोर ने करते हुए बताया कि यह कार्यशाला गौतम सत्यराज के निर्देशन में की गई। इस कार्यशाला में 40 छात्राओं ने भाग लिया। प्रथम दिन कोलाज मेकिंग, पेंटिंग, दूसरे दिन फुलझड़ी, तोता, मॉडर्न आर्ट, एवं बंदरवाल बनानी सिखाई। तीसरे दिन का शुभारंभ गौतम सत्यराज ने लीपन कला व सांझी बना कर किया। उन्होंने विभिन्न भारतीय शैली का प्रयोग करते हुए छात्राओं को हमारे परंपरागत शैली को जीवंत रखने के लिए प्रेरित किया और भविष्य में छात्राएं इस शैली के द्वारा अपने स्वरोजगार की तरह भी प्रयोग में ला सकते हैं। प्राचार्य ने कार्यशाला के दौरान बनाई गई सभी आइटमों का निरीक्षण किया व छात्राओं को बधाई देते हुए संबोधित किया कि इस प्रकार की कार्यशाला छात्राओं में रुचि के साथ-साथ आत्मविश्वास भी पैदा करती है। कार्यशाला में फाइन आर्टस इंचार्ज रमन कुमारी, आरती सैनी, तनु रानी, अनु रानी व अन्य प्राध्यापिकाएं मौजूद रही।



जींद। कार्यशाला में भाग लेने वाली छात्राओं द्वारा बनाई पेंटिंग। फोटो :हरिभूमि

---



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### जिंदगी के सफर को आसान बनाते हैं शिक्षक : नरेश

**जींद।** गांव राजपुरा भैण स्थित विद्या विहार सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षण कार्य को प्रभावशाली व रुचिकर बनाने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मनोवैज्ञानिक नरेश जागलान ने आदर्श शिक्षकों में विराजमान गुणों का व्याख्यान किया। शिक्षक ऊर्जा भरते हैं, इरादे पैदा करते हैं, राहों में रोशनी भरते हैं, जिंदगी के सफर को आसान करते हैं, उम्मीद जगाते हैं, यकीन पैदा करते हैं, हुनर को पहचान कर पढ़ने की प्यास और ललक पैदा करते हैं। नरेश जागलान ने बताया कि परमात्मा और मां के बाद अगर किसी में सृजन की ताकत है तो वह केवल अध्यापक है। शिक्षक ही बच्चों के हुनर को पहचान कर जुनून भरता है, ख्वाब जगाता है और बेहतर व काबिल इंसान बनाता है। जो अध्यापक ज्ञान को तोहफे की तरह देता है, उसके किरदार का समाज में आजीवन सम्मान रहता है। मनोवैज्ञानिक नरेश जागलान ने अनेक शिक्षाप्रद कहानियां व विभिन्न गतिविधियों से शिक्षण कार्य को अति सम्मानित, सर्वश्रेष्ठ व संतुष्टिदायक कार्य बताया। यह सारे प्रोफेशन का जनक है। निदेशक दलशेर लोहान ने बताया कि आज समाज में आधुनिक शिक्षकों ने पुरानी परंपराओं को तोड़ कर कमाल के कार्य किए हैं।

## वेदांता स्कूल का शैक्षणिक शत्र शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

वेदांता इंटरनेशनल किड्स स्कूल बसंत विहार का शुक्रवार को आचार्य राजेन्द्र महाराज के कर कमलों द्वारा उद्घाटन कर सत्र का शुभारंभ हवन के साथ किया । इस अवसर पर विद्यालय की चेयरपर्सन शीला देवी, चेयरमैन रवि श्योकन्द, डायरेक्टर प्रदीप नैन व एमडीएन स्कूल कैथल के डायरेक्टर विनोद कुमार ने परिवार सहित हवन में आहुति दी व आचार्य राजेन्द्र महाराज का भव्य स्वागत किया। अवसर पर पूरा स्टाफ व विद्यार्थी भी उपस्थित रहे। आचार्य राजेन्द्र महाराज ने पूरे वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ संपन्न करवाया व अपना शुभाशीष सभी को दिया। ईंजी0 प्रदीप नैन ने बताया कि हिंदू संस्कृति के अनुसार कोई भी शुभ कार्य करने से पहले हवन का आयोजन किया जाता है इसलिए विद्यालय में सत्र के शुभारंभ व उद्घाटन पर हवन का आयोजन करवाया। इससे वातावरण की शुद्धि के साथ-साथ नई ऊर्जा का संचार होता है। विद्यार्थियों ने मार्ग में पुष्प बिछाकर, तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया। उन्होंने विद्यालय में श्रीमद भगवद्गीता का पाठ व हवन करके सभी वेदांतियों को अपना आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय प्रांगण में एक पौधा भी आरोपित किया। चेयरमैन रवि श्योकन्द व डायरेक्टर प्रदीप नैन ने आचार्य राजेन्द्र महाराज को व विनोद को सम्मानित किया।



हवन कर वेंदाता किड्स स्कूल का उद्घाटन करते आचार्य राजेन्द्र। फोटो :हरिभूमि




सफीदों। छात्राओं को संबोधित करते प्राचार्य डा. एसएस मोर। फोटो :हरिभूमि

### महिला कालेज में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**सफीदों।** नगर के सरला मैमोरियल राजकीय महिला महविद्यालय में शुक्रवार को इलेक्ट्रोल लिटरसी क्लब और एनएसएस द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा. एसएस मोर ने की। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस अधिकारी सीमा गुप्ता ने किया। इस मौके पर छात्राओं को जरूरी मतदान करने की शपथ दिलवाई गई। अपने संबोधन में प्राचार्य डा. एसएस मोर ने कहा कि वोट देने का अधिकार उन्हें संविधान से प्राप्त है। जाति व संप्रदाय से ऊपर उठकर किसी योग्य उमीदवार को वोट देना चाहिए लेकिन हमें वोट अवश्य करना चाहिए। इस मौके पर प्रोफेसर डा. तेजवीर सैनी ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रणाली को मजबूत करने के लिए शत प्रतिशत मतदान करना चाहिए। डा. विकास लाठर विशेष रूप से मौजूद थे।

---

### नवनियुक्त चेयरमैन का पैतृक गांव घिमाना में अभिनंदन

# भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों से सभी संतुष्ट

- जींद व कुरुक्षेत्र में भाजपा की रैली होगी ऐतिहासिक : सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कान्फेड के नवनियुक्त चेयरमैन कर्मवीर सैनी का उनके पैतृक गांव घिमाना में शुक्रवार को ग्रामीणों ने नागरिक अभिनंदन किया। ग्रामीणों ने कहा कि कर्मवीर सैनी ने घिमाना का नाम रोशन किया है। भाजपा ने गांव को जो मान-सम्मान दिया है वह उसे चुकाने के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। सैनी ने कहा कि भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों से लोग पूरी तरह से संतुष्ट हैं। शनिवार को जींद तथा रविवार को कुरुक्षेत्र में भाजपा की रैली ऐतिहासिक होगी। इन रैलियों को लेकर लोगों में भारी उत्साह है। कर्मवीर सैनी ने कहा कि गांव के लोगों के लिए वह पहले भी किसी भी कार्य के लिए तैयार खड़े रहते थे अब चेयरमैन बनने के बाद वह ग्रामीणों की समस्याओं को और 'यादा मजबूती के साथ समाधान कर सकेंगे। घिमाना गांव की मिट्टी में ही वह पलकर बड़े हुए हैंए इसलिए इस मिट्टी का कर्ज उतारने के लिए वह कुछ भी करने को तैयार हैं। कर्मवीर सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने देश व प्रदेश में अनेक जनकल्याणकारी नीतियां लागू की हैं। इनका लोग भरपूर लाभ उठा रहे हैं। आज भाजपा शासन से किसानए मजदूर कर्मचारी समेत सभी वर्गों के लोग पूरी तरह से संतुष्ट हैं।



जींद। ग्रामीणों को संबोधित करते कर्मवीर सैनी। फोटो :हरिभूमि

#### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

इस रैली में भाग लेने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचेंगे। लोगों में इस रैली को लेकर भारी उत्साह है। इसी प्रकार रविवार को कुरुक्षेत्र के थीम पार्क में भी भाजपा की रैली होगी। दोनों ही रैलियों में हजारों लोग भाग लेंगे तथा भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों पर मोहर लगाएंगे। उन्होंने लोगों को दोनों ही रैलियों में पहुंचने का निमंत्रण दिया। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल बड़ौली के समधी रणसिंह शर्मा, सहप्रभारी जुलाना तेजेंद्र ढुल, संयोजक संदीप लोहान, सहसंयोजक सत्यवान खटकड़, विस्तारक प्रदीप नांदल, मुकेश सैनी, मंडल अध्यक्ष मुकेश बुआना, कृष्ण लाठर, सरपंच संदीप कुमार, ओमनारायण, सतीश ढिल्लो, धर्मपाल सेक्टरी, जगदीश कश्यप, मा. सुमेर सिंह, कृष्ण प्रधान, अजमेर फौजी, राममेहर, रलदू नंबरदार, धर्मा, इंद्र, रामभगत, पृथी, बलवंत सिंह, सुमेर, प्रवीण, राजेंद्र, सुरता, सुरेंद्र, कर्मचंद, सुरेश, रामनिवास वाल्मीकि भी मौजूद रहे।



सफीदों। बच्चों को शपथ दिलाते प्राचार्य डा. योगेंद्रपाल सिंह व स्टाफ।

## विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली

**सफीदों।** राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि सफीदों में मतदाता शपथ समारोह मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य डा. योगेंद्रपाल सिंह ने की। इस मौके पर हिंदी प्राध्यापक वीरेंद्र मलिक ने बच्चों व स्टाफ सदस्यों को मतदाता शपथ दिलाई। स्कूल प्राचार्य डा. योगेंद्रपाल सिंह ने बच्चों को मतदान के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि जिनकी आयु 18 वर्ष हो चुकी है वह अपनी वोट बनवा सकता है व मतदान कर सकता है। मतदान हमारा अधिकार है। मतदान करते समय हमें जाति, धर्म, संप्रदाय, भाषा, क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर ऐसे व्यक्ति का चुनाव करना चाहिए जो हमारे समाज व देश की उन्नति के लिए कार्य करें। स्काउट विंग प्रभारी सुरेश सैनी के नेतृत्व में बच्चों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली से मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप

### डयोडखेडी से विवाहिता लापता, शिकायत दर्ज

**कैथल।** तितरम पुलिस ने एक विवाहिता के बिना बताए घर से चले जाने का मामला दर्ज किया है। इस संबंध में डयोडखेडी गांव के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 4 अप्रैल को उसकी 20 वर्षीय पत्नी बिना बताए घर से चली गई। उन्होंने उसकी आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। बाद में उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। मामले के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शादी का झांसा देकर किशोरी को भगाया

**कैथल।** राजौंद पुलिस ने शादी का झांसा देकर एक किशोरी को भगा ले जाने के रूप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। राजौंद पुलिस थाने के तहत आने वाले गांव के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 31 मार्च को कोटडा गांव का नवीन उसकी नाबालिग बेटी को शादी का झांसा देकर अपने साथ भाग ले गया। उसने उनके आसपास तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर मनवीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हलकी रगड़ में ही मिट्टी की तरह चटक रहे ब्लॉक्स

# गलियों के नव निर्माण की आड़ में पुराने इंटरलाक पेवर ब्लाक्स गायब करने के मामले में फिर आया नया मोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत में अनुसूचित वर्ग की आवासीय कालोनियों में विभिन्न गलियों के नव निर्माण के लिए जारी करीब अढ़ाई करोड़ के टेंडर कार्य की आड़ में बड़े पैमाने पर पुराने इंटरलाक पेवर ब्लाक्स को खुर्दबुर्द करने के मामले में फिर से एक नया मुद्दा खड़ा हो गया है। इसमें गलियों उतारे गए ब्लाक्स की गुणवत्ता पर लोग सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि इंटरलाक पेवर ब्लाक्स न केवल गिले हैं बल्कि एक-दूसरे के साथ मामूली रगड़ से टूट रहे हैं। इनके साइज के साथ-साथ टेस्टिंग की मांग लोग उठा रहे हैं। आवासीय क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जिन पुराने ब्लाक्स को गलियों से उखाड़ा गया है उनकी गुणवत्ता नए की तुलना में बेहतर रही है। समझ नहीं आ रहा कि बेहतर ब्लाक्स को बेवजह उखाडकर इधर-उधर खुर्दबुर्द किया जा रहा है।



**कलायत।** निर्माण शुरू होने से पहले की टूटी-फूटी अवस्था में नए ब्लाक्स।

### नहीं होने दी जाएगी गबड़बड़ी: नोडल अधिकारी

कलायत की गलियों से व्यापक स्तर पर उठाए गए पुराने ब्लाक्स मामले की जांच कर रहे नोडल अधिकारी अशोक कुमार बताया कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की अनियमितता व गड़बड़ी नहीं होने दी जाएगी। नए ब्लाक्स की सप्लाई को लेकर नपा की तकनीकी टीम सदस्यों से रिपोर्ट ली जाएगी। पारदर्शिता से निर्माण कार्य पूरा करवाना नपा की जिम्मेवारी है।

### छंटनी करते पुराने ब्लाक्स का ब्योरा दे नगर पालिका प्रशासन

समाज सेवी संगठन और आम लोग पहले एक-एक ब्लाक्स का ब्यौरा सार्वजनिक करने की मांग पर अड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार रातों-रात ब्लाक्स का गलियों से उठान करवाया गया वह जांच का विषय है। नगर पालिका प्रशासन सर्व प्रथम पुराने ब्लाक्स की गुणतता के आधार पर छंटनी कर विवरण दे। उपरांत अगला कार्य शुरू हो। उन्होंने इस प्रकार की कार्यवाही को लोकसभा चुनाव आचार संहिता की आड़ में बड़ा गोलमाल करार दिया।

### बुनियादी सुविधाओं के ढांचें को मजबूत करने की बनाई थी सरकार ने योजना

सरकार ने अनुसूचित वर्ग के आवासीय क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने को 4 करोड़ 77 लाख रुपए का बजट जारी किया है। इनमें गलियां, सामुदायिक केंद्र व अन्य निर्माण कार्य शामिल हैं। जिस प्रकार गलियों के निर्माण के नाम पर ब्लाक्स को खुर्दबुर्द करने के साथ-साथ निर्माण कार्य में गोलमाल किया जा रहा है वह उच्च स्तरीय जांच का विषय है। उन्होंने एक-एक ब्लाक्स का ब्यौरा सार्वजनिक करने, गलियों में प्रयुक्त निर्माण सामग्री व संबंधित तमाम नियमों के आधार पर विकास कार्यों की जांच करने की मांग की।

## न्यूज डायरी

### प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मुख्य यजमान को दिया निमंत्रण



**गुहला-चीका।** आदर्श नाटक क्लब श्री भवानी मंदिर कमेटी द्वारा मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा समारोह माता श्री माँ भवानी,श्री लक्ष्मी नारायण और श्री राम दरबार के भव्य एवं दिव्य नूतन श्री विग्रह को विराजित कर प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।संस्था के प्रधान बलबीर सैनी ने बताया कि नगरवासियों व ग्रामवासियों के लिए ये पल बड़े ही वर्षों बाद आ रहा है।सभी को इस यज्ञ में सपरिवार पहुँचकर के शामिल होने के लिए कमेटी द्वारा निमंत्रण दिया जा रहा है।व लोगों से इस यज्ञ में पहुंचकर के आहुति डालने की भी अपील की।

### ग्रामीणों ने किया रवि तारावांली का सम्मान

**गुहला-चीका।** हलका गुहला के गांव सरकपूर में भाजपा नेता एवं अनुसूचित जाति आयोग के सदसय रवि तारांवाली का भव्य स्वागत एंव अभिनंदन समारोह किया गया। इसमें सरपंच सहित पूरी ग्राम पंचायत ने मिलकर किया। गुरूद्वारा में फूल-मालाएं डालकर स्वागत किया। ग्रामीणों ने कहा कि हमारे गांव ने रवि तारांवाली ने जलघर की समस्या सहित अन्य कई समस्याओ का समाधान करवाया है। आगामी चुनाव मे पूरा सरकपूर गांव उनके साथ खड़ा है और भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल का समर्थन करेगा। कुलदीप सिंह पंच ने कहा कि हमने रवि तारांवाली जी कार्यो व साफ सुथरी छवि से प्रभावित होकर उनका साथ देने का वायदा किया है।



### भाषण प्रतियोगिता में सोनाली ने मारी बाजी

**पूंडरी।** ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय फतेहपुर पूंडरी में साहित्यिक समारोह का आयोजन किया गया। डॉक्टर गीता जायसवाल के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गई। जिसमें प्रश्नोत्तरी, भाषण, पीपीटी, नाटक, राइटिंग, स्लोगन, पोस्टर मेकिंग, सकेटिंग व पेंटिंग आदि प्रतियोगिताएं करवाई गई। जिसमें कॉलेज की लगभग 250 छात्रों ने बढ़-चढकर के भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ उज्जवल शर्मा पूर्व प्राचार्य हिंदू गर्ल कॉलेज जगाधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। प्रतियोगिता के भाषण में सोनाली ने प्रथम स्थान, रेनू शर्मा ने द्वितीय व मोनिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डॉक्टर पूजा शर्मा, रीना, सुनीता, प्रियंका, निरू आदि मौजूद रहे।



### समाजसेवी ने 6 मरीजों की आंखों का ऑपरेशन कराया

**पूंडरी।** समाजसेवी प्रमोद चुहड़माजरा ने अपने खर्च से 6 मरीजों के आंखों के ऑपरेशन करवाए। जिन लोगों के ऑपरेशन करवाए गए, उन्हें गांव दर गांव लगाए जाने वाले निशुल्क नेत्र जांच शिविर में गंभीर बीमारी के चलते आंखों के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया था। उन्हें गुरुवार को वे अपने निजी वाहन में करनाल डा. षिराज अस्पताल में ले गए। पूंडरी से करनाल तक जाने के लिए मरीज को यह निशुल्क सेवा प्रदान की गई। वहां मरीजों को खाना, चाय व फल आदि खाने को दिए गए और फिर ऑपरेशन के बाद मरीजों को घर तक छोड़ा गया।



### सतपाल जांबा का पाई के ग्रामीणों ने किया स्वागत

**पूंडरी।** हल्के में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों के दिलों में खास जगह बना चुके वरिष्ठ भाजपा नेता और स्वच्छ भारत मिशन के जिला संयोजक सतपाल जांबा का गांव पाई में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि सतपाल जांबा एक समाजसेवी के तौर पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने पहले जांबा गांव को और फिर हलके के 37 गांवो को स्वच्छ बनाने का काम किया है, जो अपने आप में काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि कोई भी नेता यदि इस प्रकार एक-एक मिशन लेकर चले तो हलके में जन समस्याओं का खात्मा होगा और सरकार के साथ-साथ आम जन भी ऐसे अभियान से जुड़ेंगे।



### लोकतंत्र में एक-एक वोट महत्वपूर्ण : प्रशांत पंवार

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि देश में युवाओं की भागीदारी अधिक है और लोकतंत्र को और अधिक मजबूत करने के लिए हर युवा को अपने मत का उपयोग बिना किसी डर, भय व प्रलोभन के करना चाहिए। लोकतंत्र में एक-एक वोट का बहुत महत्व है। जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग अपना वोट बनवाएं और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी एवंड डीसी प्रशांत पंवार शुक्रवार को आईजी कॉलेज के हॉल में स्वीप कार्यक्रम के तहत छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने एवं वोट प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप अभियान के तहत जिला में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### कॉलेज में करवाई अर्थशास्त्र प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**कैथल।** अर्थशास्त्र विभाग ने भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न आयामों के वैचारिक ज्ञान को बढ़ाने के लिए यूजी अर्थशास्त्र के विद्यार्थियों के लिए अर्थशास्त्र प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया। प्रश्नोत्तरी का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने किया तथा उन्होंने टीमों के रूप में प्रश्नोत्तरी में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। माइक्रो, मैक्रो, हरियाणा अर्थव्यवस्था, भारतीय अर्थव्यवस्था तथा अर्थशास्त्री पर कुल पांच राउंड थे। टीम में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय वर्ष के तीन-तीन विद्यार्थी शामिल हैं। डॉ. सूरज वालिया ने इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के आयोजन में अर्थशास्त्र एसोसिएशन के प्रयासों की सराहना की।



### देश हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन चुका : डीपी वत्स

**पूंडरी।** पूर्व जरनल मेजर एवं पूर्व सांसद डा. डीपी वत्स ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से रईस बणिये का छोरा नवीन जिंदल चुनाव मैदान में है, चुने जाने के बाद सरकार से भी और खुद के खर्च से भी खूब समाज सेवा के काम करेगा। डा. वत्स गांव फरल में जिला पार्षद मुनीश शर्मा द्वारा आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर विशेष तौर पर पूर्व हलका विधायक प्रो. दिनेश कौशिक भी मौजूद थे। डा. वत्स ने कहा कि आज पूरी दुनिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में खूब भारत देश का डंका बाज रहा है। हमारा देश हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन चुका है।



## दिव्यांग छात्रों के लिए जागृति शिविर आयोजित

- राज्य सरकार की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में अभिभावकों को करवाया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी गुलाम अली में दिव्यांग छात्रों के लिए जागृति शिवर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीएमजीजीए श्रुति शर्मा रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य हरपाल सिंह ने की। कार्यक्रम की देखरेख डीपीसी ऑफिस के नरेंद्र बाल्यान ने की। स्पेशल टीचर सतपाल, आशुतोष और राजेश यादव ने कार्यक्रम में दिव्यांग छात्रों को सरकार की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से अभिभावकों को अवगत कराया। सीएमजीजीए श्रुति शर्मा ने प्रत्येक ब्लॉक में क्लस्टर लेवल पर दिव्यांग छात्रों के लिए रिसोर्स रूम बनाने की योजना रखी। उन्होंने कहा की इस प्रकार के शिविर कार्यक्रम से दिव्यांग छात्रों को सरकार द्वारा मिलने वाली अनेक योजनाओं व सुविधाओं का पता चलता है। शिविर में मौके पर ही गांव की एक महिला द्वारा श्रुति शर्मा को अपनी समस्या के बारे में बताया तो सी.एम.जी.जी.ए ने गांव की महिला की समस्या का समाधान करने के आदेश दिया। स्पेशल टीचर सतपाल ने बताया कि इंसान के हौसले बुलंद होने चाहिए, इच्छा शक्ति होनी चाहिए, प्रत्येक बच्चा अपने आम में स्पेशल होता है। दिव्यांगता किसी भी व्यक्ति की सफलता में अड़चन नहीं बन सकती। इस अवसर पर क्लस्टर के 7 गांव से आए 20 अभिभावक ओर दिव्यांग बच्चों ने सभी बातो ध्यानपूर्वक सुना। सभी बच्चो और अभिभावकों ने श्रुति शर्मा का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के अंत में सभी को जलपान करवाया गया। इस अवसर पर स्टाफ सदस्य जयगोपाल, मंजू ,चीनू , शमशेर, नवजीत संधू,पवन शास्त्री,सेवादार रोशन लाल,मौजूद रहे।



**सीवन।** खेड़ी स्कूल में अभिभावकों को जानकारी देती सीएमजीजीए श्रुति शर्मा।

### सात को मनाई जाएगी अम्बेडकर जयंती

**कैथल।** आज जिला कैथल बार के अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के वकीलों की एक बैठक वरिष्ठ एडवोकेट सरदार मनिंदर सिंह की अध्यक्षता मे हुई। इसमे ऑल इंडिया अम्बेडकर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश बहादुर ने सभी वकील साथिओं को 7 अप्रैल को चंदाना गेट के रामलीला ग्राउंड मे डॉ. अंबेडकर प्रगतिशील मंच द्वारा आयोजित डॉ. अंबेडकर जयंती समारोह मे आमंत्रित करने की अपील की। बतौर मुख्यातिथि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला और विशिष्ट अतिथि के तौर पर कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी डॉ सुशील गुप्ता शिरकत करेंगे। समारोह की अध्यक्षता सोनू मचल द्वारा की जाएगी।



**सीवन।** नए सत्र के प्रवेश उत्सव पर बच्चों के साथ प्रधानाचार्य सुदर्शन शर्मा सरपंच प्रतिनिधि अमरेंद्र खारा

## नए सत्र में प्रवेश उत्सव के उपलक्ष्य में किया हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

राजकीय माध्यमिक प्राईमरी पाठशाला गुगा माड़ी सीवन में प्रवेश उत्सव सप्ताह के तहत मुख्य शिक्षिका सुषमा शर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की भूमिका में सरपंच प्रतिनिधि अमरेन्द्र खारा रहे। गांव के सम्मानित एस एम सी के सदस्यगण एवं अतिथियों का स्वागत किया गया। बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना हेतु सबसे पहले विद्यालय में नए प्रवेश उत्सव के उपलक्ष्य में हवन करवाया गया। जिसमें सभी अतिथिगण एवं स्टाफ सदस्यों के साथ-साथ बच्चों ने भी हवन में आहुति डाली। मुख्य अध्यापिका सुषमा शर्मा द्वारा एमसी की मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई व आगामी वर्ष भर करवाए जाने वाले विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई।



**कैथल।** विधायक लीला राम पत्रकारों से बातचीत करते हुए।

## कांग्रेसी नेताओं की बयान बाजी ही डुबो देगी उनकी लुटिया: लीलाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल के विधायक भाई लीला राम ने कहा है कि सुरजेवाला जैसे कांग्रेसी नेताओं की बयान बाजी ही उसकी लुटिया डूबने के लिए काफी है। इस लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस को ऐसा सबक मिलेगा की वह जिंदगी भर याद रखेगी। शुक्रवार को हुए किंग लैंड वाटर पार्क का उद्घाटन करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला द्वारा मथुरा की भाजपा सांसद एवं एक्टर्स हेमा मालिनी पर की गई अभद्र टिप्पणी पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी नाराजगी जताई है। सीएम बहुत ही नरम स्वभाव के हैं, लेकिन इस टिप्पणी के बाद बच्चे आहत हुए हैं। लीलाराम ने कहा कि सुरजेवाला व दूसरे कांग्रेसी नेता किस प्रकार की भाषा बोलते हैं। हमारी बहनें, हमारी माता हमारी संस्कृति है। जो हमारे संस्कारों को जन्म देती हैं। ये सोच उन लोगों की हो सकती है। महिलाएं कांग्रेस की सोच का डट कर विरोध करती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा महिलाओं के सम्मान को बढ़ाने के लिए काम करते हैं।

### सी-विजिल एप पर आई शिकायतें का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रशांत पंवार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार सी-विजिल एप के माध्यम से नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध समाधान किया जा रहा है। जिला में इस एप पर अब तक 22 शिकायतें आई, जिनका तुरंत निवारण कर दिया गया है। डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि कोई भी नागरिक सी-विजिल एप को अपने स्मार्ट फोन पर डाउनलोड करके चुनाव से संबंधित कोई भी शिकायत का विडियो व फोटो अपलोड कर सकता है। इस एप पर शिकायत अपलोड होने के 100 मिनट में संबंधित अधिकारियों द्वारा इस शिकायत का निपटारा सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए हैल्पलाईन टोल फ्री नंबर 1950 के माध्यम से मत से संबंधित हर प्रकार की जानकारी मुहैया करवाई जा रही है।




**राजौंद।** धरना देते कस्बे के लोग।

## महिला कॉलेज बनवाकर ही दम लेंगे : महावीर चहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

धरने के 71 वें दिन की अध्यक्षता महावीर चहल ने की। इस दौरान चहल ने कहा कि यह तो अभी धरने का 71 वा दिन है, चाहे धरना 6 महीने चले या पूरा साल चले जब तक महिला कालेज की नीव बस स्टैंड के सामने वाली जमीन में नहीं रखी जाती तब तक हम पीछे नहीं हटेंगे। इस दौरान संदीप कोटडा एडवोकेट ने कहा कि यह मसला केवल राजौंद का नहीं है यह पूरे ब्लॉक का मामला है। अगर बेटियां पढ़ेंगी तो ही आगे बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि हम सरकार को कहना चाहते हैं या तो आप अपनी हठधर्मिता छोड़कर महिला कॉलेज बनाने का ऐलान कर दे नहीं तो इसका खामियाजा 25 मई को जो वोटिंग होगी वह बीजेपी के पूरी तरह से खिलाफ होगी। इस दौरान राकेश राणा, सतविंदर काका राणा, नरेंद्र प्रजापति, बिंदा शर्मा, जोगिंदर, काला राम, नरेंद्र माधो माजरी, रोमी राणा, दिनेश, रोशन कश्यप, महेंद्र कश्यप, केहर राणा, बाबूराम कश्यप, ज्ञान सिंह राणा, कर्मवीर राणा, लखीराम शर्मा, घनश्याम राणा, सुभाष राणा, रामेश्वर मिस्त्री सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

### फसल बेचने में किसानों को आ रही समस्याओं का हल हो

**पूंडरी।** ढांड ब्लॉक की सरपंच एसोसिएशन और दर्जनों ग्राम पंचायतों ने मंडियों में बारदाना उपलब्ध करवाने व अदानी गोदामो में फसल बेचने में किसानों को आ रही समस्याओं को लेकर हल्के के युवा नेता विकास तंवर द्वारा शुरू किए गए मंडी बंद तो अदानी बंद को खुला समर्थन दिया है। बातचीत में विकास तंवर ने बताया कि ग्राम पंचायत आंहू, मटरवाखेड़ी, ढांड, कौल, पबनावा, जडौला, फरल, जाजनपुर, सलीमपुर महदूद, डडवाना, चंदलाना, चुहड़माजरा, खेड़ी साकरा, साकरा, धेरडू, टीक, संगरोली, म्योली, पोबाला, बरोट, बदंराणा, खनौदा, धौंस, नैना, डुलयानी, बेगपुर, खेड़ी रायवाली, सोलूमाजरा, भटेड़ी, अरनैचा, काकौत, सर्पणखेड़ी, मूंदड़ी, पाबला सहित लगभग 12 गांवों के समर्थन-पत्र पहुंचे चुके हैं।

**योग शिविर** | पांच दिवसीय मधुमेह निवारण योग शिविर का तीसरा दिन

## नियमित खानपान और योगाभ्यास से मधुमेह पर काबू : रमेश जैन

### साधकों को तिर्यक ताड़ासन, अर्धचक्र आसन, वक्रासन आसन, तिर्यक भुजंग आसन, शलभासन, शशांकासन का अभ्यास करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

भारतीय योग संस्थान जिला चीका द्वारा लगाए जा रहे पांच दिवसीय मधुमेह निवारण योग शिविर के तीसरे दिन का शुभारंभ प्रमुख समाजसेवी रमेश कुमार जैन (भट्टे वाले) व उनकी धर्मपत्नी प्रेम लता जैन (योग शिक्षिका) ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर रमेश जैन व प्रेम लता जैन का संस्थान के पदाधिकारियों ने फूलमाला से स्वागत किया। इस मौके पर रमेश जैन ने कहा कि वर्तमान समय में



**गुहला-चीका।** प्रेमलता जैन व साधकों को मधुमेह से बचाव के तरीके सुझाते प्रवीन जिंदल। फोटो : हरिभूमि

- तीसरे दिन के योग शिविर में सौ से अधिक साधकों ने किया योगाभ्यास

मधुमेह एक महामारी का रूप लेती जा रही है। कम उम्र के युवाओं में भी मधुमेह की बीमारी देखने को मिल रही है जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि नियमित खानपान और योगाभ्यास से मधुमेह पर सहज ही काबू पाया जा सकता है। जिला प्रधान डॉ. विनोद गुप्ता ने योग से होने वाले शारिरिक व मानसिक लाभ के बारे में बताते हुए गायत्री मंत्र से प्रार्थना करवाई। योग शिक्षक अमित महाजन ने सूक्ष्म क्रियाएं करवाते हुए उनके शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बताया। योग शिक्षक प्रेमचंद गर्ग, दीपक कुमार, राजेश गर्ग, केवल जिंदल, डॉ. विजयपाल, राज बाला ने साधकों को तिर्यक ताड़ासन, अर्धचक्र आसन, वक्रासन आसन, तिर्यक भुजंग आसन, शलभासन, शशांकासन का अभ्यास करवाया। राजू वलैचा ने हंसी के कार्यक्रम से साधकों को गुदगुदाया। संस्थान के साधक प्रवीन जिंदल ने मधुमेह होने के कारण व इससे बचाव के तरीके बताते हुए कहा कि नियमित दिनचर्या, सही खानपान और योगाभ्यास से मधुमेह को नियंत्रित किया जा सकता है। अंत में मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह व योग मंजरी भेंट कर सम्मानित किया गया। आज के शिविर में 100 से अधिक साधकों ने भाग लिया।

## ताऊ देवीलाल ने गरीब, किसान व कमेरा वर्ग की भलाई के लिए काम किए : कादियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** किसानों के मसीहा ताऊ देवीलाल की पुण्यतिथि शनिवार 6 अप्रैल को प्रातः 8 बजे कैथल के ढांड रोड स्थित हूडा 20 पार्क में मनाई जाएगी। यह जानकारी देते हुए युवा जजपा नेता प्रदीप कादियान जाखोली ने बताया कि इसमें भारी संख्या में नेता व कार्यकर्ता भाग लेते हुए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। कादियान ने बताया कि ताऊ देवीलाल ने हमेशा गरीब, किसान व कमेरा वर्ग की भलाई के लिए काम किए। उन्हें ईमानदारी से स्वच्छ राजनीति की यही कारण है कि उन्हें भारत के साथ-साथ दूसरे देशों में जाना जाता रहा है। कादियान ने बताया कि उनके पदचिन्हों पर चलते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला सभी वर्गों की भलाई के लिए काम कर रहे हैं। ऐसे में युवाओं को चाहिए कि वे ताऊ देवीलाल की नीतियों का अनुसरण करें तथा समाज व देश की भलाई का कार्य करें।

**सूचना**

मैं, बिजेन्द्र पुत्र श्री रामशरण निवासी गांव गोसाई खेड़ा तह. व जिला जीन्द बयान करता हूं कि मेरा पुत्र रविन्द्र मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### चेक बाउंस मामले में उद्घोषित अपराधी काबू

**कैथल।** पीओ/बेलजंपरो की धरपकड़ के लिए एसपी उपासना के निदेर्शानुसार चलाई जा रही मुहीम अंतर्गत पीओ पकडो स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में पुलिस द्वारा चेक बाउंस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया किआरोपी गांव रमाणा रमाणी निवासी प्रेम चंद को गिरफ्तार किया गया।

### जेजेपी और भाजपा प्रत्याशी का विरोध करेंगे

**जींद।** भारतीय किसान यूनियन की प्रदेश स्तरीय बैठक प्रदेशाध्यक्ष रतन मान की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने कहा कि अभी चुनाव आने वाला है। ऐसे में जेजेपी और भाजपा प्रत्याशी का विरोध किया जाएगा। इसके अलावा दूसरे पार्टी के प्रत्याशी से सवाल-जवाब किया जाएगा कि अगर वह सत्ता में आते हैं तो किसानों के लिए वह क्या करेंगे।

### डेरा गदलाः मारपीट में पिता-पुत्र घायल

**कैथल।** जिले के गांव डेरा गदला में हुई मारपीट में पिता पुत्र घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। पुलिस ने मामला न्यायालय के आदेश पर दर्ज किया है। इस संबंध में मंडी 17 के बलबीर सिंह ने कैथल शहर पुलिस को शिकायत में आरोप लगाया है कि 23 मई 2023 को डेरा गदला में साहब सिंह, कमल कौशल, कुलदीप कौर, वीरपाल कौर और नंदकुमार ने मिलकर उसे तथा उसके बेटे गुरुदेव सिंह को घायल कर दिया।

### घर में चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** शहर थाना पुलिस ने घर में चोरी करने वाले एक आरोपित को चोरी के सामान सहित काबू किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान रोहतक रोड स्थित सुभाष नगर निवासी शंकर के रूप में हुई है।
गत 27 मार्च को भिवानी रोड स्थित शर्मा नगर निवासी गीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि रात के लगभग 11 बजे वह सिलाई का कार्य करके अपने घर में सो गई थी।

### विवाहिता की शिकायत पर दहेज प्रताड़ना का केस

**कैथल।** पूंडरी पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है। पिलानी गांव की एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसकी शादी कुछ समय पूर्व विजय के साथ रिती रिवाज अनुसार हुई थी। शादी के समय दिए गए दहेज से वर पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं थे तथा दहेज की मांग को लेकर उसे मारपीट करते थे।

### एडीसी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**ढांड।** कैथल के अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा ने शुक्रवार खंड ढांड में स्थित पबनावा, कौल, चंदलाना के मतदान केंद्रों के निरीक्षण हेतु दौरा किया तथा मतदान केंद्रों में जिन सुधारों की आवश्यकता थी। अधीनस्थ को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

## तहसील कार्यालय का कार्य हुआ प्रभावित

# राजस्व विभाग की साइट स्लो होने से बढ़ी परेशानी

दूर दराज गांवों और शहरों से अपने कार्य के लिए तहसील में आए लोगों को हुई दिक्कत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

जिला राजस्व विभाग की साइट पिछले कई दिनों से रूक-रूक कर चल रही का शुक्रवार को भी ऐसा ही हाल रहा। इससे तहसील कार्यालय का कार्य पूरी तरह से प्रभावित हुआ। इसके कारण गांव तथा शहर से आए हुए लोगों के काम समय पर नहीं हुए और उन्हें कई घंटे तक तहसील कार्यालय में इंतजार करना पड़ा। कुल लोग तो साइट नहीं चलने के कारण बिना काम करवाए वापस अपने घर की तरफ लौट गए। साइट रूक-रूक कर चलने से नकलबंदी, जमाबंदी, ई-गिरदावरी, फर्द, इंतकाल समेत अन्य कार्य नहीं हुए। इसके अलावा 200 से 'यादा रजिस्ट्री भी नहीं हो पाई। अब लोगों को अपने कार्य करवाने के लिए सोमवार को आना पड़ेगा। क्योंकि शनिवार और रविवार को अवकाश होने के चलते दो दिन तहसील कार्यालय बंद रहेंगे। जिला राजस्व विभाग की साइट रूकने से लोगों को भारी परेशानी हुई वहीं तहसील कार्यालय के कर्मचारी भी बार-बार लॉग इन करके परेशान हो गएए जिससे कार्य भी पूरे नहीं हुए और लोग भी साइट चलने के इंतजार में बैठे रहे। सप्ताह के अंतिम कार्य दिवस के चलते शुक्रवार को तहसील कार्यालय में काफी लोगों की भीड़ जुटी हुई थी। लोग नकलबंदी, जमाबंदी, ई-गिरदावरी, फर्द, इंतकाल समेत अन्य संबंधित कायांर् के चलते तहसील कार्यालय आए हुए थे। रजिस्ट्री वाली खिडक़ी के बाहर भी लंबी लाइनें लगी हुई थी। कई-कई देर तक भी काम पूरे नहीं हो पा रहे थे। हालांकि प्रतिदिन जिल में प्रतिदिन 800 के लगभग रजिस्ट्रियां होती हैं लेकिन शुक्रवार को 600 के लगभग रजिस्ट्रियां ही हो पाई।



**जींद।** तहसील में साइट स्लो चलने के चलते परेशान लोग।

### ई-गिरदावरी का कार्य भी हुआ प्रभावित

पिछले दिनों जिले में हुई ओलावृष्टि और बारिश के चलते खराब हुई फसलों का ई.गिरदावरी का कार्य चला हुआ है। इसको लेकर पटवारी और कानूनगो खेतों में जाकर साइट पर खराब हुई फसलों का डाटा फीड कर रहे हैं लेकिन राजस्व विभाग की साइट रूक-रूक कर चलने से खराब फसलों का डाटा फीड नहीं हो पाया और ई-गिरदावरी का कार्य बीच अधर में लटक गया। हालांकि सरकार ने ओलावृष्टि और बारिश से खराब हुई फसलों का डाटा जल्द से जल्द साइट पर अपलोड करने के निर्देश दिए हुए हैं।

### तकनीकी खामी

साइट में कुछ तकनीकी खामी आई हुई है। इसी के चलते जिला राजस्व की साइट रूक-रूक कर चल रही थी। जिससे तहसील कार्यालय संबंधित कार्य अटके हैं। हालांकि दोपहर बाद साइट चल पड़ी थी, जिससे अधूरे कायोंर् को निपटाया गया। - **राजकुमार**, जिला राजस्व अधिकारी

# लेखन स्पर्धा में अन्नु प्रथम रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अलेवा

अलेवा के राजकीय महाविद्यालय में सामाजिक विज्ञान समिति व अंग्रेजी भाषा के संयुक्त तत्वाधान में एक रिपार्ेट लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। इसकी अध्यक्षता प्रो. निधि गुप्ता ने की तथा मुख्य तौर पर प्राचार्या वीना कुमारी ने हिस्सा लिया।

रिर्पोट लेखन प्रतियोगिता में छात्राओं के बीच मुकाबले कराए गए। इसमें अन्नु प्रथम, छात्रा मोनू द्वितीय व अंशु ने तीसरा स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्या ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से जागरूकता आती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों में हिस्सा लेने से विद्यार्थियों में रचनात्मक विकास भी होता है। सभी विद्यार्थियों को कालेज में होने वाली प्रत्येक गतिविधि में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा में निखार लाना चाहिए। ऐसी प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को आगे बढने की प्रेरणा मिलती है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्राचार्या द्वारा स्टाफ सदस्यों के साथ मिलकर प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया।



**अलेवा।** राजकीय महाविद्यालय अलेवा में आयोजित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन वाली छात्राओ के साथ स्टाफ सदस्य। फोटोः हरिभूमि

# नरवाना के 192 छात्र ही उठा पाएंगे चिराग योजना का फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नरवाना

चिराग योजना को शुरू करने के लिए सरकार ने नियम 134ए को खत्म कर दिया है। सरकार का इरादा कम आय वाले बच्चों को भी निजी स्कूलों में मुफ्त में पढ़ने की अनुमति देना है। परिवार की वार्षिक आय 1 लाख 80 रुपये से कम है।

वे चिराग योजना का लाभ पाने के पात्र हैं। योजना के तहत पहले चरण में सरकार ने योजना के तहत लगभग 25ए000 छात्रों को कवर करने की योजना बनाई है जो कक्षा 2 से कक्षा 12 वीं तक के होंगे। चिराग योजना के तहत नरवाना खंड में गरीब परिवार के बच्चों के हिस्से केवल 192 सीटें ही आई है। जानकारी देते हुए खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश नैन ने बताया कि सरकार द्वारा जिन परिवारों की वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रूपये से कम है और इस स्कीम के तहत केवल वही छात्र पात्र होगे जिन्होंने गत शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में सरकारी विद्यालयों में उत्तीर्ण प्राप्त की हो। उन्होंने बताया कि चिराग स्कीम के तहत नरवाना खंड के दिल्ली ग्लोबल पब्लिक स्कूल धनौरी, आर डी एस डी सीनियर सेकेंडरी स्कूल धमतान साहिब, सर छोटू राम सीनियर सेकेंडरी स्कूल धमतान साहिब और स्वामी विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिंगवाल इन चार स्कूलों का सूची में नाम आया है।

### अग्रवाल समाज का राज्यस्तरीय परिचय सम्मेलन कल करनाल में

**जींद ।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने बताया कि सात अप्रैल को श्री रामलीला भवन रेलवे रोड करनाल में रा'य स्तरीय अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस परिचय सम्मेलन में जींद जिले से भी काफी संख्या में विवाह योग्य प्रत्याशी भाग लेंगे और अपने जीवन साथी का चयन करेंगे। परिचय सम्मेलन में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। राजकुमार गोयल ने कहा कि यह अग्रवाल युवा संगठन द्वारा आयोजित 24वां वैवाहिक परिचय सम्मेलन है। कार्यक्रम में प्रदेशभर से समाज के लोग आएंगे।



**जुलाना।** मार्केट कमेटी सचिव को ज्ञापन सौंपते आढ़ती।

### जुलाना की अनाजमंडी में आढ़तियों ने खत्म किया धरना, सौंपा ज्ञापन

**जुलाना।** जुलाना कस्बे की नई अनाजमंडी में पांच दिन से चल रहा आढ़तियों का धरना समाप्त हो गया। पांचवे दिन धरने की अध्यक्षता आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान कैलाश सिंगला ने की।धरने पर आढ़तियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए रोष प्रकट किया। आढ़तियों को संबोधित करते हुए कैलाश सिंगला ने कहा कि सरकार आढ़तियों को खत्म करने पर तुली हुई है। रोजाना नई नई शर्ते लगाकर आढ़तियों के हितों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। अगर मंडी में आढ़ती ही नही होगा तो किसान की हालत खराब हो जाएगी। अगर सरकार उनकी मांगों को नही मानती है तो आने वाले चुनावों में वोट की चोट से अपने हक पाने के लिए का काम करेंगे। आढ़तियों ने मार्केट कमेटी सचिव को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर राजेंद्र सिंगला, राजपाल लाठर आदि मौजूद रहे।

# आढ़तियों का कमीशन कम करने पर जताया रोष

- सरकार के हाथों आढ़तियों व किसानों को नही होने दिया जाएगा बर्बाद : बजरंग गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

व्यापारी प्रतिनिधियों की बैठक हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में व्यापारियों की समस्याओं पर विचार किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने व्यापारी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि एक अप्रैल से मंडी में गेहूं की सरकारी खरीद शुरू हो चुकी है। मगर सरकार की तरफ से मंडियों में गेहूं व सरसों की खरीद के लिए कोई पुख्ता प्रबंध नहीं है। मंडी में किसी प्रकार की मूलभूत सुविधा तक नहीं है। यहां तक की गेहूं का सरकारी एमएसपी 2275 रुपये प्रति क्विंटल है।

जिसके 2.5 प्रतिशत के हिसाब से आढ़तियों का 56 रुपये 87 पैसे कमीशन बनता है। मगर सरकार आढ़तियों का कमिशन 10 रुपये 99 पैसे कम करके 45 रुपये 88 पैसे देने का आदेश जारी किया है। इसी प्रकार सरकार ने धान का भी कमीशन आढ़तियों का कम किया है। आढ़तियों का कमीशन कम करने से व्यापारियों में सरकार के प्रति बड़ा भारी रोष है जबकि अनेकों सालों से हर अनाज की खरीद मंडियों के आढ़तियों के माध्यम से होती आ रही है और 2.5 प्रतिशत पूरा कमीशन सरकार की तरफ से मिलता था। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार ने सरसों, सूरजमुखी, चना, बाजरा, मूंग आदि फसलों की सरकारी खरीद आढ़तियों के माध्यम से ना करने से आढ़ती, किसान व मजदूरों में बड़ी भारी नाराजगी है। सरकार को हर अनाज की खरीद मंडी के आढ़तियों के माध्यम से करके आढ़तियों को 2.5 प्रतिशत पूरी दामी देनी चाहिए।

सरकार बड़े.बड़े घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकारी अनाज मंडियां बंद करने पर तुली हुई है। इस अवसर पर व्यापार मंडल जिला प्रधान महावीर कंप्यूटर, प्रदेश प्रवक्ता राजकुमार गोयल, जिला उप प्रधान ईश्वर दास गोयल, अशोक गोयल, राम गोयल सहित अन्य व्यापारी नेता मौजूद रहे।



**जींद।** व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग व्यापारी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए। फोटोः हरिभूमि



**जींद।** विद्यालय में प्रवेश करते हुए विद्यार्थी।

### विद्यार्थियों ने दी प्रवेश परीक्षा

**सफीदों ।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सफीदों में छठी कक्षा में नए प्रवेश हेतु तथा सातवीं व आठवीं कक्षा में रिक्त सीटों के दाखिले हेतु प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें सैंकड़ों बच्चों ने प्रवेश परीक्षा दी। स्कूल प्राचार्य डॉ योगेंद्र पाल सिंह ने बताया कि सत्र 2024-25 के लिए नए दाखिले 1 अप्रैल 2024 से शुरू हो चुके हैं। जिनके लिए आज विद्यालय में कक्षा 6 से 8 के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। यह विद्यालय सीबीएसई बोर्ड से संबंधित है इसमें सभी कक्षाओं के लिए सीट निश्चित की गई है। केवल कक्षा 6 वीं, 9 वीं 11वीं में ही नई दाखिले होंगे। प्राचार्य डा. योगेंद्रपाल सिंह ने बताया कि विद्यालय में बच्चों को सभी सुविधाएं दी जा रही है। सभी विषयों के अध्यापक हैं, प्रत्येक कक्षा-कक्ष में डिजिटल बोर्ड से पढ़ाई करवाई जाती है।



**अलेवा।** हसनपुर गांव के आंगनवाड़ी केंद्र में बनाए प्ले स्कूल में महिलाओं को जागरूक करते सीडीपीओ रामरति।

### प्ले स्कूलों में बच्चों का होता सर्वांगीण विकास : रामरति

**अलेवा।** महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय अलेवा द्वारा शुक्रवार को हसनपुर गांव के आंगनवाड़ी केंद्र के प्ले स्कूल में एक रेडीनस मेले का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता गांव की महिला सरपंच मीना रानी ने की तथा मुख्य तौर पर खंड महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी रामरति ने हिस्सा लिया। ग्रामीण महिलाओं को जागरूक करते हुए सीडीपीओ ने कहा कि सरकार द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रो में बनाए प्ले स्कूल बनाए गए है। ग्रामीण अपने 3 से 6 वर्ष तक बच्चों का दाखिला प्ले स्कूल में करवा सकते है। उन्होंने बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देने के बारे में भी विस्तार से बताया। इसके अलावा प्ले स्कूल में शिक्षा ग्रहण कराने वाले बच्चों का सर्वागीण विकास होता है। ग्रामीण महिलाओं

# अध्यापक डोर-टू-डोर सर्वे कर सभी बच्चों का दाखिला करवाएंः बलबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। राजौंद

खंड राजौंद में मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर सिंह कश्यप ने की। बैठक में खंड के सभी सम्बन्धित स्कूल मुखिया व एफ एल एन को-ऑर्डिनेटर अशोक कुमार, बी आर पीए ए बी आर सी और आई ओ एल एम मौजूद रहे। समीक्षा बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी मुखियाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रवेश उत्सव के अन्तर्गत सभी मुखिया अपने विद्यालय में अध्यापकों की प्रवेश उत्सव कमेटी का गठन कर गांव में डोर टू डोर सर्वे कर सभी बच्चों को विद्यालय तक लाने का कार्य करने के लिए प्रेरित करें । ई दृअधिगम कार्यक्रम को इस सत्र में पूर्णतः लागू कर सफल बनाना और सभी बच्चों को टैब उपलब्ध करवा डिजिटल कॉन्टेंट्स के द्वारा शिक्षा प्रदान करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा बी पी आई यू के अंतर्गत इस महीने में दिए जाने वाले प्रशिक्षण के लिए सभी अध्यपकों का डाटा एम आई एस पर अपडेट करना सुनिश्चित करें।



**राजौंद।** बैठक को संबोधित करते हुए एबीआरसी अशोक कुमार।



**गुहला-चीका।** राजकीय कन्या महाविद्यालय की चयनित पर्यटन विभाग की छात्राएं

### छात्राओं को चयनित होने पर दी बधाई

**गुहला-चीका।** राजकीय कन्या महाविद्यालय, चीका की पर्यटन विभाग की छात्राऐं आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पानीपत में आयोजित पूल प्लेसमैंन्ट ड्राईव आयोजन में भाग लिया, प्लेसमैंन्ट ड्राईव में 25 कम्पनिया आई हुई थी, उक्त कम्पनियों द्वारा आयोजित साक्ष्रत्कार के माध्यम से छात्राओं का चयन किया जिसमें महाविद्यालय चीका की पर्यटन विभाग से 9 छात्राओं का चयन हुआ, जिसमें पर्यटन विभाग की बीटीएम तृतीय वर्ष की छात्रा सिमरन कौर का चयन स्काई ट्रेवलर्स, सान्वी होस्पीटैल्टि, टोमैटो होलिडे इत्यिादी तीन कम्पनियों में हुआ व बी.टी.एम. द्वितीय वर्ष की छात्राएं परवीन कौर, रजवन्त कौर, लवप्रीत, तन्नु इत्यिादी का चयन ट्रेंनिग कम प्लेसमैन्ट के लिए हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रामनिवास यादव जी ने कहा कि छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ रोजगार को प्राप्त करना पूरे महाविद्यालय परिसर के लिए एक अच्छी उपलब्धि हैं।

### सीआरएसयू के विद्यार्थियों का प्रशिक्षण के लिए फाइव स्टार होटल में चयन

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के ट्रैवल एंड टूरि'म मैनेजमेंट के बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का प्रशिक्षण के लिए सहायक प्राध्यापक पंकज के नेतृत्व में ऑनलाइन इंटरव्यू करवाए गए। इस इंटरव्यू में प्रथम वर्ष के सभी विद्यार्थियों का चयन प्रशिक्षण के लिए फाइव स्टार होटल हयात पैलेसए गुरुग्राम और होलीडे-इन जयपुर में हुआ है। इस बड़ी उपलब्धि पर कुलपति डा. रणपाल सिंह ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके साथ ही विभाग के चेयरपर्सन एवं डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. संजय कुमार सिन्हा ने विद्यार्थियों को बधाई दी और जीवन में सफलता पाने के लिए सही दिशा में मेहनत करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। प्रशिक्षण हेतु चयन होने पर विद्यार्थियों में भी काफी उत्साह देखा गया। सहायक प्राध्यापक पंकज ने बताया कि यह प्रशिक्षण बच्चों को छह महीने के लिए दिया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## मामला नागरिक अस्पताल के क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट की शिकायतों का

# कटारिया को लेकर मांगी आरटीआई की सूचना नहीं दी

- फिलहाल क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट का कांट्रेक्ट रिन्यु नही किया गया : सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

स्वास्थ्य विभाग में एनएचएम के तहत कार्यरत क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट को लेकर आरटीआई कार्यकर्ता द्वारा जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत मांगी गई जानकारी स्वास्थ्य विभाग ने 30 दिन में भी उपलब्ध नही करवाई है। वहीं अब आरटीआई कार्यकर्ता ने प्रथम अपील अधिकारी कम सिविल सर्जन को पत्र लिख कर जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत अपील पर सुनवाई के लिए कहा है। अपीलकर्ता द्वारा कहा गया है कि 15 बिंदुओं पर निर्धारित फीस भर कर जानकारी मांगी गई थी लेकिन अभी तक जानकारी नही दी गई है। इसलिए उनकी अपील पर सुनवाई करते हुए उन्हें निजी सुनवाई का




**जींद।** नागरिक अस्पताल जींद।

### कमेटी कर रही है जांच : सीएमओ

सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में एनएचएम के तहत क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट के पद पर नियुक्त दिनेश कटारिया का कांट्रेक्ट स्वास्थ्य विभाग ने रिन्यू नहीं किया है। दिनेश कटारिया के खिलाफ जांच जारी है। एनएचएम कर्मचारियों के कांट्रेक्ट हर साल रिन्यू होते हैं। इसी प्रावधान के तहत मेंटल हेल्थ के डिप्टी सिविल सर्जन ने क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट दिनेश कटारिया का कांट्रेक्टर रिन्यू करने से मना करते हुए मेंटल हेल्थ के बाकी सभी कर्मचारियों के कान्ट्रेक्ट रिन्यू कर दिए।

### 15 बिंदुओं पर मांगी सूचना

हाउसिंग बोर्ड के रहने वाले सतबीर सिंह ने मेंटल हेल्थ विभाग में क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट के पद पर कार्यरत दिनेश कटारिया की नियुक्ति को लेकर सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत 15 बिंद्धुओं पर जानकारी मांगी है। जिसमें वर्ष 2020 में नागरिक अस्पताल द्वारा भर्ती को लेकर दिए गए विज्ञापन की प्रति, भर्ती को लेकर सक्रूटनी, डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन, सिलेक्शन कमेटी के आदेशों की प्रति देने, भर्ती के लिए साक्षात्कार में दिए गए सभी सदस्यों के नंबरों की लिस्ट, भर्ती के लिए विभाग में पद किस श्रेणी का है, वर्ष 2020 से पहले इस पद पर भर्ती कर्मचारी आरसीआई से रजिस्ट्रड था या नही की सूचना देने, क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट नियमानुसार मेडिकल ऑफिसर लिख सकता है या नही की जानकारी देने, चयनित होने पर डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन करवाई या नही, क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट के खिलाफ मिली शिकायतों की प्रति देने, विभाग द्वारा चयन से लेकर अबतक क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट को किए गए भुगतान की प्रति देने की बात कही गई है। सूचना 30 अंदर के भीतर दी जानी चाहिए थी लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने अभी तक सूचना नही दी है।

### योग्यता न होने के बावजूद कैसे दी गई क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट को नौकरी

हिसार निवासी शिकायतकर्ता विकास ने स्वास्थ्य विभाग सहित आला अधिकारियों को भेजी गई शिकायत में कहा कि क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट पद पर नियुक्ति के लिए क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट का आरसीआई (रिहैबिलेशन काउंसिल ऑफ इंडिया) से रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है, जो दिनेश के पास नहीं है। कटारिया ने इस पद के लिए रोहतक, हिसार, यमुनानगर में भी आवेदन किए थे लेकिन योग्यता पूरी नहीं होने के कारण वह रद्द हो गए। जींद में योग्यता पूरी नहीं होने के बावजूद उसे कैसे नियुक्ति दे दी गई थी। फिलहाल सिविल सर्जन ने डिप्टी सिविल सर्जन डा. पालेराम कटारिया, डा. विजेंद्र ढांडा, डीपीएम रेनू मिड्ढा, डा. अनिल कुमार की कमेटी मामले की जांच कर रही है।